# Government College, Baran

# Women Cell

**(2023-24)**

**July-August**

## दुनिया के 150 विवि दे रहे 50 लाख तक की छात्रवृत्ति

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**बारां.** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में राज्य सरकार की ओर से छात्र-छात्राओं को दी जाने वाली छात्रवृति एवं फैलोशिप योजना के संबंध में सेमिनार का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ डॉ. खुशबू नियरता ने किया। उन्होंने संक्षिप्त में विद्यार्थियों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के.एम. मीना ने की उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न योजनाओं में भागीदारी करने तथा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सहायक आचार्य रामकेश मीना ने राज्य सरकार की विभिन्न छात्रवृति योजनाओं, फैलोशिप योजनाओं विशेष रूप से राजीव गांधी फैलोशिप योजना पर प्रकाश डाला। इस योजना के अन्तर्गत विश्व के 150 विश्वविद्यालयों में अध्ययन के लिए 500 छात्रों को 50 लाख तक की छात्रवृति मिल सकती है। साथ ही छात्र छात्राओं की जिज्ञासाओं का निदान किया। कार्यक्रम में महिला प्रकोष्ठ सदस्या प्रोफेसर भावना मीना, डॉ. लीनता अरोड़ा, डॉ. हिमानी भाटिया, सुमन शर्मा ने सहयोग किया। कार्यक्रम में कई व्याख्याता तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।



**बारां.** महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में आयोजित सेमिनार में मौजूद छात्र व शिक्षक। पत्रिका

नागर, मुकेश नागर, नाथूलाल गुरांदया, प्रह्लाद ट्रेलर, प्रकाश गोस्वामी समेत कई किसान मौजूद रहे।

## महाविद्यालय में व्याख्यान का आयोजन



**बारां @ पत्रिका.** राजकीय महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ की ओर से महिला अधिकारिता निदेशालय, राजस्थान की योजनाएं विषय पर व्याख्यान हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य व कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. के. एम. मीना ने किया। डॉ. खुशबू नियरता, प्रभारी महिला प्रकोष्ठ ने महिला अधिकारिता विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। वरिष्ठ संकाय सदस्य मुनेष चन्द्र शर्मा ने छात्राओं को विभिन्न योजनाओं में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया। प्राचार्य डॉ. के.एम. मीना ने विजन 2030 पर फोकस किया। अन्त में महिला प्रकोष्ठ की सदस्य भावना मीणा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। हितेन्द्र कुमार गुप्ता, हरिप्रकाश मीणा, संकेत कुमार, डॉ. लीनता अरोडा, डॉ. हिमानी भाटिया, डॉ. रमन गुप्ता, सुमन शर्मा व अन्य संकाय सदस्य ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

## बारां: छात्राओं को आर्थिक रूप से सक्षम होने के लिए किया प्रेरित

### बॉयज कॉलेज में महिला प्रकोष्ठ ने किया व्याख्यान का आयोजन



भास्कर न्यूज़ | बारां

शहर के बॉयज कॉलेज में महिला प्रकोष्ठ की ओर से महिला अधिकारिता निदेशालय राजस्थान की योजना पर व्याख्यान का आयोजन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य व कार्यक्रम के अध्यक्ष डॉ. केएम मीना ने किया। डॉ. खुशबु नियरता प्रभारी महिला प्रकोष्ठ ने अपने व्याख्यान में महिला अधिकारिता विभाग की ओर से महिलाओं को दी जाने वाली सभी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। विशेष रूप से महिला शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना, इंदिरा महिला शक्ति उडान योजना, बेटी बचाओ बेटी पढाओ, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह एवं अनुदान योजना इत्यादि। उन्होंने छात्राओं को आर्थिक रूप से सक्षम होने के लिए प्रेरित किया साथ ही छात्राओं की जिज्ञासा का निदान भी किया। वरिष्ठ संकाय सदस्य मुनेशचंद्र शर्मा ने छात्राओं को विभिन्न योजनाओं में भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया।

प्राचार्य डॉ. केएम मीना ने वीजन 2030 पर फोकस किया तथा छात्राओं को राज्य सरकार की ओर से दी जाने वाली योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान भावना मीणा, हितेंद्र कुमार गुप्ता, हरिप्रकाश मीणा आदि मौजूद रहे।

**Sept-October**

epaper.patrika.com/ar

पत्रिका

Share font-inc Image View Text

# स्पर्धाओं का आयोजन

बारां. राजस्थान मिशन 2030 अभियान के अन्तर्गत राजकीय महाविद्यालय, बारां में महाविद्यालय स्तर पर दिनांक 05.09.2023 को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम डॉ. शमशाद अली ने अभियान के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करते हुए अभिभाषण प्रस्तुत किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों के मध्य भाषण एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में विद्यार्थियों ने राजस्थान मिशन 2030 विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं प्राचार्य डॉ. कृष्ण मुरारी मीणा ने विजेताओं के नाम घोषित किए। राजस्थान मिशन 2030 महाविद्यालय प्रभारी डॉ. खुशबू नियरता ने नोडल स्तर पर 11 सितंबर को होने वाली नोडल स्तर

दैनिक-भास्कर शनिवार 21/10/2023 Page No 16 Column No-3

# बॉयज कॉलेज में दिया आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

बारां| शहर स्थित बॉयज कॉलेज में शुक्रवार को महिला प्रकोष्ठ की ओर से छात्राओं के लिए विभिन्न आयोजन किए। कार्यक्रम में पुलिस की महिला मास्टर प्रशिक्षक स्वतंत्रता सैनी व प्रमिला धुंधी ने आत्मरक्षा प्रशिक्षण देते हुए विषम परिस्थितियों में स्वयं के रक्षा करने के कई गुर सिखाए।



बारां. शहर में आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिए गए।

इसके बाद हैड कांस्टेबल सौभाग्यमल मीणा ने सड़क सुरक्षा, ट्रैफिक नियम व ड्राइविंग लाइसेंस से संबंधित जानकारी प्रदान कर विद्यार्थियों को जागरूक किया। कार्यक्रम अध्यक्ष प्रचार्य डॉ. केएम मीणा ने विद्यार्थियों को इस उपयोगी ज्ञान को दैनिक जीवन में आत्मसात करने को प्रेरित किया। अंत में सांस्कृतिक कार्यक्रम गरबा नृत्य का आयोजन किया। जिसमें पारंपरिक वेश-भूषा में सुसज्जित सर्वश्रेष्ठ छात्र दिनेश सुमन व छात्रा मनीषा नागर का चयन किया। निर्णायक दल में विवेक कुमार नागर, राकेश खटीक व डॉ. लीनता अरोड़ा रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी डॉ. खुशबू नियरता ने किया। वरिष्ठ संकाय सदस्य भगवान सिंह मीणा, इरफान अहमद, चतुर्भज शर्मा, गोविंद सिंह मीणा, रामकुमार मीणा, डॉ. हिमानी भाटिया, डॉ. राकेश वर्मा, सुमन शर्मा, दिप्ती पोरवाल समेत आदि मौजूद रहे।

दैनिक भास्कर बारां 31-10-2023

कार्यक्रम • कॉलेज में कई प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को भी किया जागरूक

# छात्राओं ने घूमर नृत्य से दिया मतदान जागरूकता का संदेश

भास्कर न्यूज | बारां

जिलेभर में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं को लगातार जागरूक करने के लिए आयोजन किए जा रहे हैं।

सोमवार को भी जिले में कई जगहों पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किए गए। कॉलेज में छात्र-छात्राओं व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को मतदान के लिए जागरूक किया गया। बॉयज कॉलेज में सोमवार को महिला प्रकोष्ठ की ओर से घूमर नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया। छात्राओं ने प्रस्तुतियों में पारंपरिक रंग के साथ मतदान करने का संदेश दिया।अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. कृष्ण मुरारी मीणा ने की। विशिष्ट अतिथि अमित भार्गव एवं निर्णायक दल में संकाय सदस्य भावना मीणा, डॉ. हिमानी भाटिया रहे। प्रथम स्थान पर संयुक्त रूप से रक्षिता सोलंकी व भूमिका शर्मा, द्वितीय स्थान पर पायल चौहान एवं तृतीय स्थान पर नंदिनी राणा विजयी रही। संचालन प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. खुशबू नियरता ने किया।



बारां. चुनाव को लेकर जागरूकता कार्यक्रम में नृत्य की प्रस्तुति देती छात्राएं ।

कार्यक्रम में घूमर नृत्य से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। इस दौरान छात्राओं ने काल्यो पहुंच गयो रे बूथ पे, वोट डाल आओ रे संगीत पर नृत्य की प्रस्तुति दी। इसके साथ ही विशेष कार्यक्रम में एडीजे व डालसा सचिव राजेश मीणा ने तंबाकू निषेध एवं जागरूकता के लिए शपथ दिलाई। उन्होंने मतदान की शपथ दिलाते हुए सभी से मतदान कर लोकतंत्र को सशक्त बनाने में अपना योगदान देने की बात कही। प्राचार्य ने जिले में शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। सह प्रभारी स्वीप अमित भार्गव ने निर्वाचन विभाग की ओर से जारी ऑनलाइन एप वीएचए, सी विजिल, केवाईसी के बारे में जानकारी दी। इस दौरान छात्राओं ने मतदाताओं को 25 नवंबर को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। वरिष्ठ संकाय सदस्य भगवान सिंह मीणा, आईक्यूएसी प्रभारी इरफान अहमद, गोविंद सिंह मीणा, डॉ. लीनता अरोड़ा आदि ने सहभागिता दी। अंत में महिला प्रकोष्ठ प्रभारी ने धन्यवाद दिया।

**पुलिस के जवानों के माध्यम से दिया मतदान संदेश** : पुलिस लाइन में पुलिस जवानों के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। जिला स्वीप नोडल अधिकारी एवं जिला परिषद सीईओ कृष्णा शुक्ला ने कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों और जवानों को लोकतंत्र की मजबूती के लिए स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव में अपनी सेवा देने के साथ मतदान के माध्यम से भी अपनी भागीदारी देने को कहा। साथ ही शत प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाई। निर्वाचन आयोग की ओर से जारी एप वीएचए, सक्षम, सी-विजिल एवं केवाईसी के बारे में जानकारी दी। स्वीप दल के राजेश गौतम ने जागरूकता गीत के माध्यम से निर्वाचन एप के बारे में जागरूक किया। दूसरी ओर तिलक सीनियर सैकंडरी स्कूल में स्वीप गतिविधि के माध्यम से संस्था की निदेशक अनीता गुप्ता ने मतदान की शपथ दिलवाई एवं विद्यार्थियों की डायरी पर मतदाता जागरूकता स्टीकर चस्पा कर घर-घर मतदान करने का संदेश जारी किया।

## महिला मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया

मतदाता जागरूकता अभियान के तहत प्राति संस्थान की ओर से सोमवार को स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों की बैठक रखी गई। संस्थान के सचिव कृजराज गौतम ने बताया कि सोमवार को आयोजित बैठक में महिला मतदाताओं को मतदान के महत्व के बारे में बताया और मतदान की शपथ दिलाई। बैठक में सामाजिक कार्यकर्ता एवं काउंसलर अमृता खंडेलवाल, कलस्टर प्रभारी सुनीता योगी, बैंक मित्र दमयंती गुर्जर, समूह अध्यक्ष निकिता यादव ने लोकतंत्र में वोट का महत्व विषय पर विस्तार से जानकारी दी। जागरूकता बैठक में 35 महिला मतदाताओं ने भाग लिया।

# दैनिक नवज्योति

Hadoti - 07 Oct 2023 - Page 6


नहा लगाना पड़गा साथ हा मध्यप्रदश करान का माग का ह। करने का माग का है।

# बारां की दो प्रतिभाओं को दिया एक लाख रूपए का चेक

न्यूज सर्विस/नवज्योति, बारां।



राजस्थान मिशन 2030 के अंतर्गत महाविद्यालय के छात्र कार्तिक भार्गव, कक्षा बीकॉम द्वितीय ईयर ने संपूर्ण जिले में भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया। राजकीय महाविद्यालय शाहबाद की छात्रा सुमन कुमारी कक्षा - बीए तृतीय ईयर ने निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। दोनों विजेताओं को नरेंद्र गुप्ता, जिला कलेक्टर ने 1,00,000 का चेक देकर पुरस्कृत किया। महाविद्यालय स्तर पर विजयी रहे विद्यार्थियों को भी प्राचार्य द्वारा 2000 का चेक दे कर पुरस्कृत किया जाएगा।

क

न्यूज

साप्ताहि
महाराज
विवाह
यजमान
गर्ग नरे
द्वारा व्य
माता म
महाराज
आयोजि
प्रीत
शुभ मंग
निखारे
के गीतों
नाच कू
भव्य ब
अग्रसेन

**November- December**

# छात्राओं ने आकर्षक मेहंदी लगाकर की मतदान की अपील



बारां| राजकीय महाविद्यालय बारां में स्वीप जागरूकता कार्यक्रम के तहत मेहंदी प्रतियोगिता हुई। इससे मतदाता को मताधिकार के महत्व के प्रति जागरूक किया। जिला निर्वाचन अधिकारी नरेंद्र गुप्ता ने बताया कि स्वीप जागरूकता कार्यक्रमों से आम मतदाता को आगामी चुनावों में सक्रिय भागीदारी एवं मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. केएम मीणा ने मतदान के महत्व के साथ ही पात्रता आयु पूरी कर चुके विद्यार्थियों से अपना पंजीयन मतदाता सूची में करवाने की बात कही। अमित भार्गव ने आधार तिथि एक अक्टूबर की जानकारी के साथ मतदाता सूची में ऑफलाइन एवं वोटर हेल्पलाइन एप द्वारा ऑनलाइन पंजीयन की जानकारी दी। इस मौके पर बालिकाओं ने अपने हाथों पर आकर्षक मेहंदी से लोकतंत्र का भाग्य विधाता, होता जागरूक मतदाता, मेरा वोट, मेरा अधिकार, मेरा वोट, मेरी ताकत जैसे जागरूकता के संदेश लिखकर चुनाव के दौरान मतदान का संदेश दिया। इस अवसर पर ईएलसी प्रभारी राकेश वर्मा, सह प्रभारी डॉ. लीनता अरोड़ा, सहायक आचार्य राकेश कुमार, लड्डूलाल मीणा, भावना मीणा, स्वीप सदस्य महिपाल सिंह आदि उपस्थित रहे। संचालन सह आचार्य डॉ खुशबू कुमारी ने किया।

**January- February**

# छात्राओं को दिया प्रशिक्षण



**बारां @ पत्रिका.** महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में छात्रा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य, डॉ. के.एम.मीना के द्वारा किया गया। इसमें महिलाओं के विविध अधिकार विषय पर बारां जिले के एडवोकेट श्रृतु बत्रा ने व्याख्यान दिया। बत्रा ने छात्राओं को महिलाओं के विविध अधिकारों की कानूनी जानकारी से ओत प्रोत करवाया, साथ ही नारी शक्ति विषय पर कविता एवं गायन प्रतियोगिता हुई। इसमें प्रथम स्थान पर दीक्षा, द्वितीय स्थान पर प्रमिला सुमन एवं भारती राठौर एवं तृतीय स्थान पर दीक्षिता हाड़ा रही। निर्णायक की भूमिका प्रोफेसर भगवान सिंह मीना तथा प्रो. रामकेश मीना ने निभाई। मंच संचालन डॉ. लीनता अरोड़ा ने किया। प्राचार्य डॉ. के.एम. मीना ने महिला सशक्तिकरण पर महिलाओं को जागरूक रहने के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में प्रो. भावना मीना एवं डॉ. हिमानी भाटिया ने सहयोग किया।

# बालिकाओं की समस्याओं का रचनात्मक प्रस्तुतिकरण विषय पर हुई प्रतियोगिता



बारां. बॉयज पीजी कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद अतिथि।

बारां| बॉयज पीजी कॉलेत में मंगलवार को महिला प्रकोष्ठ के जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम के द्वितीय चरण में कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. केएम मीना ने की। मुख्य अतिथि स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. कृति गोयल रही। कार्यक्रम में वर्तमान युग में स्त्री व बालिकाओं की समस्याओं का रचनात्मक प्रस्तुतिकरण विषय पर प्रतियोगिता हुई। प्रोफेसर भगवान सिंह मीना एवं प्रोफेसर भावना मीना निर्णायक थे। प्रथम स्थान पर राजश्री नागर, द्वितीय स्थान पर प्रमिला सुमन तथा तृतीय स्थान पर मुस्कान चौधरी रही। मुख्य अतिथि एवं प्रमुख वक्ता स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. कृति गोयल ने महिला स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं पर व्याख्यान दिया। छात्राओं को पीसीओडी से होने वाली समस्याओं से अवगत कराया। सचालन डॉ. लीनता अरोड़ा ने किया। उन्होंने छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। प्राचार्य डॉ. मीना ने कहा कि स्वास्थ्य से बढ़कर कोई धन नही हैं।

# जागरूकता प्रशिक्षण में छात्राओं को दी वित्तीय जानकारी

बारां @ पत्रिका. राजकीय महाविद्यालय में छात्रा जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तिम चरण मे गुरुवार को छात्राओं को वित्तीय जानकारी दी गई। पीएनबी के शाखा प्रबंधक सी.वी. मीणा ने ई-बैंकिंग एवं यूपीआई से जुड़े आयामों पर व्याख्यान दिया। छात्राओं ने भी इस विषय पर सवाल पूछे। इसके पश्चात स्पिक मैके के कार्यक्रम के तहत



देविका सजिवन ने भरतनाट्यम की प्रस्तुति दी। उन्होंने अपनी कला का शुभांरभ सीता स्वंयर से करते हुए शुद्ध नृत्य तिल्लाना प्रस्तुत किया। छात्राओं ने उनके साथ हस्त मुद्राएं जैसे पताका, हस्त, कर्तरी मुख, मयूरखो इत्यादि का अभ्यास कराया। उन्होंने छात्राओं को हर कार्य आत्म विश्वास एवं अनुशासन के साथ करने को प्रेरित किया। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. के.एम मीणा ने छात्राओं को प्रोत्साहित किया एवं अतिथि वक्ताओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. खुशबू नियरता ने मंच संचालन किया।

## नगर पालिका की स्पेशल ऑडिट जांच की मांग

छबड़ा @ पत्रिका. नगर पालिका में हो रही गड़बड़ियों व भ्रष्टाचार की

CLASSIFIED


राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बारां


Latitude: 25.107684
Longitude: 76.502199
Elevation: 283.86 ± 8 m
Accuracy: 11.2 m
Time: 15-02-2024 12:05
Note: Women's cell program
Powered by NoteCam


GOVERNMENT COLLEGE
BARAN (RAJ.)
Women Cell